Title: Need to provide financial assistance to Govt. of UP for providing relief to the people affected by hailstorm and drought in Chitrakut and Banda districts-Laid.

श्री राम सजीवन (बांदा): उत्तर प्रदेश के चित्रकूट और बांदा जिलों के कई गांवों में अभी हाल में कुछ दिनों पूर्व हुई भीाण ओलावृटि तथा विगत कई महीनों में बरसात न होने के कारण किसानों की खड़ी फसलें बरबाद हुई हैं तथा सूखे के कारण फसलें नट हुई हैं। ओलावृटि तथा अनावृटि से ग्रामीणों में तबाही मच गई है। वर्तमान भीाण गर्मी से राहत हेतु गांवों के लोग अपने घरबार छोड़कर खाना-पानी और चारे की तलाश में मवेशी और परिवारों के साथ अन्यत्र सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं।

सूखा व ओलावृटि आदि दैवी आपदाओं से पीड़ित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। लगातार बिगड़ती जा रही स्थिति को संभालने के लिए राहत कार्य चलाने, हैण्डपम्प व कुओं का निर्माण करने, छोटी-छोटी सिंचाई योजनाएं चलाने, छोटे बड़े तालाबों को गहरा करने और बरसाती जल के संचय की व्यवस्था करने तथा लोगों को रोजगार देने व किसानों को फ्री बोर सुविधाएं देने जैसे अनेक तत्काल कदम उठाकर पीड़ितों को राहत दी जा सकती है। साथ ही साथ अल्पकालीन व दीर्घकालीन योजनाएं लागू करके अकाल और दैवी प्रकोप से पीड़ित लोगों की प्राण रक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार को समुचित धन उपलब्ध कराया जाये।